**NEWS CLIPPING:09.07.2022**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## JC BOSE UNIVERSITY COME FORWARD TO MAINTAIN GREEN BELT ON YMCA ROAD

**FARIDABAD(TIT NEWS):** JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has set a target of six thousand saplings around the campus in Faridabad, and has come forward to maintain a green belt on the YMCA road that connects Mathura Road (NH-2) with a by-pass road. This was disclosed by the Vice-Chancellor Prof. S.K. Tomar in a discussion with MLA Faridabad Sh. Narender Gupta who was chief guest in the plantation drive organized by the University. The University is celebrating the July month as 'Hariyali Parv' and to mark this occasion, a mega plantation campaign has been initiated and eminent personalities from all walks of life are being invited to participate in the plantation campaign. Earlier, Prof. Tomar welcomed Sh. Narender Gupta by presenting him a sapling. Dean (Colleges) Prof Tilak Raj, DSW Prof. Lakhwinder Singh, NSS Coordinator Prof. Pradeep Dimari, Chairperson (Incharge) Environmental Engineering Dr. Renuka Gupta and other members of DSW office and Vasundhara ECO Club were present on this occasion. On this occasion, Sh. Gupta planted the sapling of Neem on the University main ground. Mukesh Aggarwal, Kuldeep Sahani, Neeraj Mittal and Ajit Nambardar were also present on this occasion. Vice Chancellor Prof. Tomar apprised the Faridabad MLA that the University is working towards providing technological solutions to the local problems including Pollution. The University is working on an ambitious research project to improve the air-quality of Faridabad which is deteriorating day by day due air-waste produced by the local industries. He urged the MLA to support the University initiative in providing grants by the State Government for the Project. Prof. Tomar said that as many as six thousand students are studying in the University and we have set a target for each student to plant and adopt at least one tree during their course of study in the University. Thus, the university will ensure the planting and proper care of six thousand trees every year. The Vice-Chancellor apprised the MLA about the new courses on emerging technology introduced by the University.



**NEWS CLIPPING:09.07.2022**

# AAJ SAMAJ

**पहल** वाईएमसीए रोड की ग्रीन बेल्ट के रख-रखाव में योगदान देगा जेसी बोस विश्वविद्यालय

## छात्रों की भागीदारी से 6 हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने परिसर के आसपास छह हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, तथा विश्वविद्यालय परिसर के साथ लगती वाईएमसीए सडक पर ग्रीन बेल्ट का रख-रखाव भी करेगा जोकि मथुरा रोड (एनएच-2) को बाइपास रोड के साथ जोड़ती है। यह जानकारी कुलपति प्रो. एसके तोमर ने फरीदाबाद विधायक नरेंद्र गुप्ता के साथ चर्चा करते हुए दी।

इस अवसर पर वे विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पौधरोपण अभियान में मुख्य अतिथि थे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इस अवसर को चिह्नित करते हुए वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय आगमन पर प्रो तोमर ने नरेंद्र गुप्ता को एक पौधा भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर डीन (कॉलेज) प्रो तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, एनएसएस समन्वयक प्रो प्रदीप डिमारी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ. रेणुका गुप्ता और डीएसडब्ल्यू कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। कुलपति प्रो. तोमर ने फरीदाबाद विधायक को अवगत कराया कि




पौधरोपण अभियान के दौरान शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ विधायक नरेंद्र गुप्ता। आज समाज

विश्वविद्यालय प्रदूषण सहित विभिन्न स्थानीय समस्याओं के तकनीकी समाधान प्रदान करने की दिशा में कार्यरत है। विश्वविद्यालय द्वारा दिन-ब-दिन बिगड़ती फरीदाबाद की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए एक महत्वाकांक्षी अनुसंधान परियोजना पर काम किया जा रहा है।

उन्होंने परियोजना के लिए राज्य सरकार द्वारा अनुदान प्रदान करवाने में विश्वविद्यालय को सहयोग देने के लिए विधायक से आग्रह किया। प्रो. तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय में लगभग छह हजार छात्र पढ़ रहे हैं और विश्वविद्यालय ने प्रत्येक छात्र के लिए विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान कम से कम एक पौधा लगाने और अपनाने का लक्ष्य रखा है।

**NEWS CLIPPING:09.07.2022**


# DAINIK JAGRAN

## पौधारोपण अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लें युवा : नरेंद्र गुप्ता

जासं, फरीदाबाद : जेसी बोस वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में हरियाली पर्व के दौरान विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कालेज परिसर में पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए युवा पीढ़ी को पौधारोपण के लिए प्रेरित करना जरूरी है। युवा अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लें। उन्होंने कहा कि यदि पौधारोपण अधिक होगा तो न केवल हवा स्वच्छ होगी बल्कि भूजल का स्तर भी बढ़ेगा। उन्होंने यूनिवर्सिटी के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि प्रदूषण को दूर करने के लिए यूनिवर्सिटी जो कार्य कर रही है, उसमें वे हर संभव सहयोग करेंगे। सरकार के समक्ष भी उनकी बात रखी जाएगी। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने यूनिवर्सिटी की गतिविधियों की जानकारी ली और कहा कि उन्हें खुशी है कि जेसी बोस यूनिवर्सिटी इस दिशा में बेहतरीन कार्य कर रही है। कुलपति प्रो.एसके तोमर ने विधायक नरेंद्र गुप्ता को पौधा भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर डीन प्रो. तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो.लखविंदर सिंह, एनएसएस समन्वयक प्रो. प्रदीप डिमारी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डा. रेणुका गुप्ता और डीएसडब्ल्यू कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर नीम का पौधा भी लगाया।

इस मौके पर उनके साथ जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, भाजपा मंडलाध्यक्ष कुलदीप साहनी, नीरज मित्तल और अजीत नंबरदार भी मौजूद रहे।



जेसी बोस वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में नीम का पौधा रोपने के बाद पानी देते हुए विधायक नरेंद्र गुप्ता • जागरण

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:09.07.2022**

# PUNJAB KESARI

## वाईएमसीए की ग्रीन बेल्ट के रखरखाव में योगदान देगा जेसी बोस वि.वि.

### विश्वविद्यालय ने छात्रों की सक्रिय भागीदारी से 6 हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा

फरीदाबाद, 8 जुलाई (पूजा शर्मा): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने परिसर के आसपास छह हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, तथा विश्वविद्यालय परिसर के साथ लगती वाईएमसीए सड़क पर ग्रीन बेल्ट का रख-रखाव भी करेगा जोकि मथुरा रोड (एनएच-2) को बाइपास रोड के साथ जोड़ती है।

यह जानकारी कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने फरीदाबाद विधायक नरेंद्र गुप्ता के साथ चर्चा करते हुए दी। गुप्ता विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पौधरोपण अभियान में मुख्य अतिथि थे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इस अवसर को चिह्नित करते हुए वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है इसी कड़ी में आज जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में हरियाली पर्व के दौरान विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कॉलेज प्रांगण में पौधारोपण किया। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए युवा पीढ़ी को पौधारोपण के लिए प्रेरित करना जरूरी है।



*जेसी बोस युनिवर्सिटी में पौधारोपण करते विधायक नरेंद्र गुप्ता साथ में कुलपति प्रो. तोमर, जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, भाजपा मंडलाध्यक्ष कुलदीप साहनी, नीरज मित्तल और अजीत नंबरदार व अन्य।*

### प्रदूषण पर अनुसंधान कर रहा विश्वविद्यालय

कुलपति प्रो. तोमर ने फरीदाबाद विधायक को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय प्रदूषण सहित विभिन्न स्थानीय समस्याओं के तकनीकी समाधान प्रदान करने की दिशा में कार्यरत है। विश्वविद्यालय द्वारा दिन-ब-दिन बिगड़ी फरीदाबाद की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए एक महत्वाकांक्षी अनुसंधान परियोजना पर काम किया जा रहा है। उन्होंने परियोजना के लिए राज्य सरकार द्वारा अनुदान प्रदान करवाने में विश्वविद्यालय को सहयोग देने के लिए विधायक से आग्रह किया।

प्रत्येक छात्र लगाएगा पौधा

प्रो. तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय में लगभग छह हजार छात्र पढ़ रहे हैं और विश्वविद्यालय ने प्रत्येक छात्र के लिए विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान कम से कम एक पौधा लगाने और अपनाने का लक्ष्य रखा है। इस प्रकार, विश्वविद्यालय हर साल छह हजार पौधों का रोपण और उचित देखभाल सुनिश्चित करेगा। कुलपति ने विधायक को विश्वविद्यालय द्वारा उभरती प्रौद्योगिकी पर शुरू किये गये नए पाठ्यक्रमों से अवगत कराया। प्रो. तोमर ने विश्वविद्यालय की भावी परियोजनाओं से भी अवगत करवाया और विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए उनका सहयोग मांगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि हर साल देश के सबसे प्रदूषित शहरों में फरीदाबाद का नाम आता है जो कि चिंता का विषय है. इस मुद्दे के समाधान के लिए चाहे शैक्षणिक संस्थान हों, उद्योग हों, सामाजिक या राजनीतिक संगठन हों, सभी को मिलकर काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि जे.सी. बोस विश्वविद्यालय क्षेत्र के प्रमुख विश्वविद्यालयों में से एक है और उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि विश्वविद्यालय प्रदूषण के समाधान की दिशा में गंभीरता से काम कर रहा है।

### जल्द पूरा होगा सड़क निर्माण कार्य

विधायक नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय से सटी वाईएमसीए सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है और इसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने इस सड़क पर हरित पट्टी का रखरखाव विश्वविद्यालय द्वारा किये जाने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की पहल के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और पौधारोपण अभियान की सफलता के लिए विश्वविद्यालय को 500 ट्री गार्ड प्रदान करने की घोषणा की। बाद में, विश्वविद्यालय और आसपास के क्षेत्रों में बरसात के मौसम में जलजमाव के मुद्दे पर मीडियाकर्मियों को जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में जलजमाव की समस्या बहुत चिंता का विषय है। हम इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की दिशा में काम कर रहे हैं।

### स्वच्छ हवा के साथ बढ़ेगा भूजल स्तर

विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि यदि पौधारोपण अधिक होगा तो न केवल हवा स्वच्छ होगी बल्कि भूजल का स्तर भी बढ़ेगा। उन्होंने यूनिवर्सिटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदूषण को दूर करने के लिए यूनवर्सिटी जो कार्य कर रही है, उसमें वे हर संभव सहयोग करेंगे तथा सरकार के समक्ष भी उनकी बात रखी जाएगी। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने यूनिवर्सिटी की गतिविधियों की जानकारी ली और कहा कि आज के समय की जरूरत को देखते हुए नई तकनीक को अपनाना बेहद जरूरी है और उन्हें खुशी है कि जेसी बोस यूनिवर्सिटी इस दिशा में बेहतरीन कार्य कर रही है। इस मौके पर विश्वविद्यालय आगमन पर कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने नरेंद्र गुप्ता को एक पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, एनएसएस समन्वयक प्रो प्रदीप डिमारी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ रेणुका गुप्ता और डीएसडब्ल्यू कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। वहीं विधायक नरेंद्र गुप्ता ने विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर नीम का पौधा भी लगाया। इस मौके पर उनके साथ जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, भाजपा मंडलाध्यक्ष कुलदीप साहनी, नीरज मित्तल और अजीत नंबरदार भी मौजूद रहे। वहीं इस अवसर पर कुलपति प्रो. तोमर ने विधायक नरेंद्र गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो आश्वासन उन्हें विधायक द्वारा मिला है, उससे उन्हें उम्मीद है कि आने वाले समय में समाज के लिए जो कार्य जेसी बोस यूनवर्सिटी करने जा रही है, उसमें उनका अपेक्षित सहयोग मिलेगा।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:09.07.2022**

# PIONEER

# ग्रीन बेल्ट के रखरखाव में योगदान देगा जेसी बोस

## विश्वविद्यालय ने छात्रों की सक्रिय भागीदारी से 6 हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने परिसर के आसपास छह हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। विश्वविद्यालय परिसर के साथ लगती वाईएमसीए सड़क पर ग्रीन बेल्ट का रखरखाव भी करेगा जोकि मथुरा रोड (एनएच-2) को बाईपास रोड के साथ जोड़ती है।

यह जानकारी कुलपति प्रो. एसके तोमर ने फरीदाबाद विधायक नरेंद्र गुप्ता के साथ चर्चा करते हुए दी। श्रीगुप्ता विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पौधरोपण अभियान में मुख्य अतिथि थे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर को चिह्नित करते हुए वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय आगमन पर प्रो.



वाईएमसीए रोड की ग्रीन बेल्ट पर पौध रोपण करते फरीदाबाद के विधायक नरेन्द्र गुप्ता और अन्य लोग।

तोमर ने नरेंद्र गुप्ता को एक पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, एनएसएस समन्वयक प्रो प्रदीप डिमारी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ रेणुका गुप्ता और डीएसडब्ल्यू कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। गुप्ता ने विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर नीम का पौधा भी लगाया। इस मौके पर उनके साथ मुकेश अग्रवाल, कुलदीप साहनी, नीरज मित्तल और अजीत नंबरदार भी मौजूद थे। कुलपति प्रो. तोमर ने फरीदाबाद विधायक को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय प्रदूषण सहित विभिन्न स्थानीय समस्याओं के तकनीकी समाधान प्रदान करने की दिशा में कार्यरत है। विश्वविद्यालय द्वारा दिन-ब-दिन बिगड़ती फरीदाबाद की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए एक महत्वाकांक्षी अनुसंधान परियोजना पर काम किया जा रहा है। उन्होंने परियोजना के लिए राज्य सरकार द्वारा अनुदान प्रदान करवाने में विश्वविद्यालय को सहयोग देने के लिए विधायक से आग्रह किया।

प्रो. तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय में लगभग छह हजार छात्र पढ़ रहे हैं। विश्वविद्यालय ने प्रत्येक छात्र के लिए विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान कम से कम एक पौधा लगाने और अपनाने का लक्ष्य रखा है। इस प्रकार, विश्वविद्यालय हर साल छह हजार पौधों का रोपण और उचित देखभाल सुनिश्चित करेगा। कुलपति ने विधायक को विश्वविद्यालय द्वारा उभरती प्रौद्योगिकी पर शुरू किये गये नए पाठ्यक्रमों से अवगत कराया। प्रो. तोमर ने विश्वविद्यालय की भावी परियोजनाओं से भी अवगत करवाया।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:09.07.2022**

# HADOTI ADHIKAR



शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण करते हुए विधायक नरेन्द्र गुप्ता साथ में कुलपति प्रो.एस.के. तोमर। छाया : अधिकार

## वाईएमसीए रोड की ग्रीन बेल्ट के रखरखाव में योगदान देगा जेसी बोस विश्वविद्यालय

### विश्वविद्यालय ने छात्रों की सक्रिय भागीदारी से 6 हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा

अधिकार संवाददाता

फरीदाबाद, 8 जुलाई। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने परिसर के आसपास छह हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है तथा विश्वविद्यालय परिसर के साथ लगती वाईएमसीए सड़क पर ग्रीन बेल्ट का रखरखाव भी करेगा जोकि मथुरा रोड को बाइपास रोड के साथ जोड़ती है।

यह जानकारी कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने फरीदाबाद विधायक नरेंद्र गुप्ता के साथ चर्चा करते हुए दी। गुप्ता विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पौधरोपण अभियान में मुख्य अतिथि थे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इस अवसर को चिह्नित करते हुए पौधारोपण अभियान शुरू किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को पौधारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय आगमन पर प्रो. तोमर ने नरेंद्र गुप्ता को एक पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, एनएसएस समन्वयक प्रो प्रदीप डिमरी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ रेणुका गुप्ता और डीएसडब्ल्यू कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। श्री गुप्ता ने विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर नीम का पौधा भी लगाया। इस मौके पर उनके साथ मुकेश अग्रवाल, कुलदीप साहनी, नीरज मित्तल और अजीत नंबरदार भी मौजूद थे।

कुलपति प्रो. तोमर ने फरीदाबाद विधायक को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय प्रदूषण सहित विभिन्न स्थानीय समस्याओं के तकनीकी समाधान प्रदान करने की दिशा में कार्यरत है। विश्वविद्यालय द्वारा दिन-ब-दिन बिगड़ती फरीदाबाद की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए एक महत्वाकांक्षी अनुसंधान परियोजना पर काम किया जा रहा है। उन्होंने परियोजना के लिए राज्य सरकार द्वारा अनुदान प्रदान करवाने में विश्वविद्यालय को सहयोग देने के लिए विधायक से आग्रह किया।

प्रो. तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय में लगभग छह हजार छात्र पढ़ रहे हैं और विश्वविद्यालय ने प्रत्येक छात्र के लिए विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान कम से कम एक पौधा लगाने और अपनाने का लक्ष्य रखा है। इस प्रकार विश्वविद्यालय हर साल छह हजार पौधों का रोपण और उचित देखभाल सुनिश्चित करेगा। कुलपति ने विधायक को विश्वविद्यालय द्वारा उभरती प्रौद्योगिकी पर शुरू किये गये नए पाठ्यक्रमों से अवगत कराया।

**NEWS CLIPPING:09.07.2022**

# REPCO NEWS

## वाईएमसीए रोड़ की ग्रीन बेल्ट के रख-रखाव में योगदान देगा जे सी बोस विश्वविद्यालय

फरीदाबाद, 8 जुलाई (रैपको न्यूज)। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने परिसर के आसपास छह हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, तथा विश्वविद्यालय परिसर के साथ लगती वाईएमसीए सड़क पर ग्रीन बेल्ट का रख-रखाव भी करेगा जोकि मथुरा रोड (एनएच-2) को बाइपास रोड के साथ जोड़ती है।



यह जानकारी कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने फरीदाबाद विधायक श्री नरेंद्र गुप्ता के साथ चर्चा करते हुए दी। श्री गुप्ता विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पौधरोपण अभियान में मुख्य अतिथि थे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इस अवसर को चिह्नित करते हुए वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।



विश्वविद्यालय आगमन पर प्रो. तोमर ने श्री नरेंद्र गुप्ता को एक पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, एनएसएस समन्वयक प्रो प्रदीप डिमारी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ रेणुका गुप्ता और डीएसडब्ल्यू कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। श्री गुप्ता ने विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर नीम का पौधा भी लगाया। इस मौके पर उनके साथ मुकेश अग्रवाल, कुलदीप साहनी, नीरज मित्तल और अजीत नंबरदार भी मौजूद थे।

कुलपति प्रो. तोमर ने फरीदाबाद विधायक को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय प्रदूषण सहित विभिन्न स्थानीय समस्याओं के तकनीकी समाधान प्रदान करने की दिशा में कार्यरत है। विश्वविद्यालय द्वारा दिन-ब-दिन बिगड़ती फरीदाबाद की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए एक महत्वाकांक्षी अनुसंधान परियोजना पर काम किया जा रहा है। उन्होंने परियोजना के लिए राज्य सरकार द्वारा अनुदान प्रदान करवाने में विश्वविद्यालय को सहयोग देने के लिए विधायक से आग्रह किया। प्रो. तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय में लगभग छह हजार छात्र पढ़ रहे हैं और विश्वविद्यालय ने प्रत्येक छात्र के लिए विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान कम से कम एक पौधा लगाने और अपनाने का लक्ष्य रखा है। इस प्रकार, विश्वविद्यालय हर साल छह हजार पौधों का रोपण और उचित देखभाल सुनिश्चित करेगा। कुलपति ने विधायक को विश्वविद्यालय द्वारा उभरती प्रौद्योगिकी पर शुरू किये गये नए पाठ्यक्रमों से अवगत कराया। प्रो. तोमर ने विश्वविद्यालय की भावी परियोजनाओं से भी अवगत करवाया और विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए उनका सहयोग मांगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि हर साल देश के सबसे प्रदूषित शहरों में फरीदाबाद का नाम आता है जो कि चिंता का विषय है. इस मुद्दे के समाधान के लिए चाहे शैक्षणिक संस्थान हों, उद्योग हों, सामाजिक या राजनीतिक संगठन हों, सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि जे.सी. बोस विश्वविद्यालय क्षेत्र के प्रमुख विश्वविद्यालयों में से एक है और उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि विश्वविद्यालय प्रदूषण के समाधान की दिशा में गंभीरता से काम कर रहा है।

श्री गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय से सटी वाईएमसीए सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है और इसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने इस सड़क पर हरित पट्टी का रखरखाव विश्वविद्यालय द्वारा किये जाने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की पहल के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और पौधारोपण अभियान की सफलता के लिए विश्वविद्यालय को 500 ट्री गार्ड प्रदान करने की घोषणा की।

बाद में, विश्वविद्यालय और आसपास के क्षेत्रों में बरसात के मौसम में जलजमाव के मुद्दे पर मीडियाकर्मियों को जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में जलजमाव की समस्या बहुत चिंता का विषय है। हम इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की दिशा में काम कर रहे हैं। गांव सीही में अमृत सरोवर मिशन के तहत तालाब को पुनर्जीवित करने की योजना है जिसे राज्य सरकार द्वारा अपशिष्ट जल प्रबंधन के लिए तालाबों के जीर्णोद्धार और विकास के उद्देश्य से शुरू किया गया है। सीही गांव में तालाब का जीर्णोद्धार हो जाने के बाद बारिश के पानी के संरक्षण में मदद मिलेगी और क्षेत्र में जलजमाव की समस्या का समाधान होगा।

**NEWS CLIPPING:09.07.2022**

# HINDUSTAN

# वाईएमसीए छह हजार पौधे लगाएगा

फरीदाबाद, कार्यालय संवाददाता। फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए संस्थान के आसपास इस मानसून में हरियाली का ग्राफ बढ़ाएगा। इसके तहत परिसर के नजदीकी इलाकों में करीब छह हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय की ओर से परिसर के साथ वाईएमसीए सड़क पर ग्रीन बेल्ट का रख-रखाव भी करने का फैसला लिया गया है।

विश्वविद्यालय में शुक्रवार को हुए पौधारोपण कार्यक्रम में इसे लेकर कुलपति प्रो. एसके तोमर ने विधायक नरेंद्र गुप्ता को ये जानकारी दी है। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय ने जुलाई के महीने को हरियाली पर्व के तौर पर मनाने का फैसला लिया है। इसी के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कुलपति ने विधायक नरेंद्र गुप्ता को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। मौके पर डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, एनएसएस समन्वयक प्रो प्रदीप डिमारी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ. रेणुका गुप्ता आदि उपस्थित रहे। सभी की मौजूदगी में विधायक ने परिसर में नीम का पौधा लगाया। वहीं मौके पर विधायक ने विश्वविद्यालय के पौधारोपण अभियान की सफलता के लिए 5 सौ ट्री गार्ड देने की बात रही।

## पौधरोपण कार्यक्रम में छह सौ पौधे लगाए

नूंह। हरियाली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आईटीआई परिसर टूण्डलाका, आईआरबी परिसर, टूण्डलाका, राजकीय महाविद्यालय नगीना, गउशाला जौरासी एवं झामुवास आईटीआई में हुआ। पौधारोपण कार्यक्रम के तहत वन विभाग द्वारा दो हजार पौधे राजकीय महाविद्यालय, नगीना में 250 पौधे, गउशाला जौरासी में 250 पौधे एवं झामुवास आईटीआई में 100 पौधे नीम, अर्जुन, पीपल, बड आदि प्रजाति के पौधे लगाए गए।

**NEWS CLIPPING:09.07.2022**

## DAINIK BHASKAR

# जेसी बोस विश्वविद्यालय इस साल छात्रों की भागीदारी से 6 हजार पौधे लगाएगा

**फरीदाबाद** | जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए अपने परिसर के आसपास 6000 पौधे लगाएगा। कुलपति प्रो. एसके तोमर के अनुसार, विश्वविद्यालय जुलाई को हरियाली पर्व के रूप में मना रहा है। विश्वविद्यालय में लगभग 6 हजार छात्र पढ़ रहे हैं। प्रत्येक छात्र के लिए पढ़ाई के दौरान कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने का लक्ष्य रखा है।